स्वरा के सपोर्ट में आई बॉलीवुड हस्तियां, कहा: उन्हें है राय रखने का अधिकार

आयुष्मान खुराना और निदेशक इम्तियाज अली जैसी बॉलीवुड की हस्तियों ने कहा है कि 'पद्मावत' में जौहर की आलोचना करने वाली स्वरा भास्कर अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि उन्हें फिल्म में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा है। स्वरा ने फिल्म में जौहर का महिमामंडन करने के लिए निदेशक संजय लीला भंसाली की आलोचना की थी। यह फिल्म महीनों के विवाद के बाद पिछले हफ्ते ही रिलीज हुई है।
आयुष्मान ने कहा है कि हर कोई अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र है जबकि फिल्मकार के नजरिए का सम्मान करना चाहिए। अभिनेता ने मिर्ची म्यूजिक अवॉर्डस के रेड कारपेट पर कहा, 'एक फिल्म दो काम करती है। या तो यह समाज को कुछ देती है या इससे कुछ लेती है। हर निर्देशक का अपना नजरिया होता है। हर कला की मंशा चर्चा और विमर्श करने की होती है। आलोचक होते हैं जो चर्चा करते हैं और फिर दर्शक होते हैं जो अपनी राय देते हैं। लिहाजा सबका अपना दृष्टिकोण होता है।'

अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने कहा कि फिल्म में यह दृश्य जौहर की याद दिलाता है लेकिन कहानी सदियों पुरानी है। उन्हें नहीं लगता है कि भंसाली ने प्रथा को महिमामंडित किया है। फिल्मकार रोहित शेट्टी ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार दिया क्योंकि वह चाहते हैं कि फिल्म शांतिपूर्ण तरीके से चले क्योंकि फिल्मकार पहले ही काफी झेल चुके है। उन्होंने कहा कि फिल्म को दर्शकों के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए जिनके पास इसे स्वीकार करने या खारिज करने का अधिकार है। निदेशक इम्तियाज अली ने कहा कि उन्हें फिल्म में ऐसा कुछ नहीं दिखा जिसपर प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने कहा, 'पद्मावत में कुछ भी ऐसा नहीं है जिस का विरोध किया जाए लेकिन सबकी अपनी राय होती है।'

बाहुबली एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया पर एक शख्स ने फेंका जूता, गिरफ्तार

हैदराबाद के हिमायतनगर इलाके में एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री तमन्ना भाटिया पर आज 31 वर्षीय व्यक्ति ने कथित पर जूता फेंका। तमन्ना ने 'बाहुबली फिल्म में काम किया है। पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री पर जूता तब फेंका गया जब वह जेवरातों के एक स्टोर का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने बताया कि जूता स्टोर के एक कर्मचारी को लगा। नारायणगुडा थाने के इंस्पेक्टर बी रविंद्र ने पीटीआई भाषा से कहा कि बीटेक में स्नातक और मुशीराबाद के रहने वाले करीमुल्लाह ने तमन्ना पर कथित रूप से तब जूता फेंका जब वह स्टोर से बाहर आ रही थीं। इंस्पेक्टर ने बताया कि, 'करीमुल्लाह को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ में उसने बताया कि वह अभिनेत्री द्वारा हाल की फिल्मों में निभाई गई भूमिकाओं को लेकर निराश था।' उन्होंने बताया कि जिस कर्मी को जूता लगा था उसकी शिकायत पर आरोपी के खिलाफभारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। तमन्ना ने हिन्दी, तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम किया है।

फिट नहीं रहने से कलाकारों को सीमित किरदार मिलते हैं: परिणीति

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि दो साल पहले वजन घटाने के बाद से उन्हें अलग-अलग तरीके के किरदार अदा करने को मिल रहे हैं। साल 2016 में फिल्मों से ब्रेक लेने के बाद परिणीति ने अपना ज्यादा समय शारीरिक रूप से फिट होने में लगाया था। अभिनेत्री का कहना है कि इससे उन्हें लाभ मिला क्योंकि उन्हें रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल अगेन' करने को मिली। उनका कहना है कि यह फिल्म उन्हें सिर्फइसलिए मिली क्योंकि वह पहले से ज्यादा फिट लग रही थीं। जब अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या उन्हें अब फिल्म निर्माता अलग तरीके से देखते हैं तो इस सवाल पर उनका जवाब था, मैं मानती हूं कि हां। यह जरूरी नहीं है कि वह यह सोचते हैं कि मैं अब सेक्सी दिखती हूं और वह मुझे अलग तरीके से देखेंगे। ऐसा नहीं है।

अभिनेत्री ने कहा, यह वैसा नहीं है। हमारे निर्देशक और निर्माता इस सबसे ऊपर उठ गए हैं। वह सिर्फयह देखते हैं कि मैं कुछ अलग कर सकती हूं। परिणीति ने कहा कि फिट रहने की वजह से फिल्मनिर्माता उन्हें विभिन्न किरदारों में फिट बैठते हुए देख पाते हैं। किसी खास निश्चित रूप में दिखने की वजह से सीमित किरदार ही करने को मिलते हैं। अभिनेत्री ग्रेजिया मैगजीन के इस महीने के संस्करण की लॉन्चिंग के मौके पर बोल रही थीं। वह इस महीने इस पत्रिका के कवर पर नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की अगली फिल्म 'संदीप और पिंकी फरार' है। इस फिल्म में उनके साथ अर्जुन कपूर हैं।

27 ड्रेसेस में काम करने पर कॉलेज जैसा अनुभव हुआ: कैथरीन हीगल

लॉस एंजिलिस। अदाकारा कैथरीन हीगल का कहना है कि हिट फिल्म '27 ड्रेसेस' में काम करना उनके लिए 'कॉलेज' जाने जैसा अनुभव रहा। कैथरीन के अलावा जेम्स मार्सडेन, मालिन अकरमान, एडवर्ड बर्न्स और जूडी ग्रीर ने फिल्म में मुख्य किरदार निभाए थे।

'फीमेल फर्स्ट' के अनुसार कैथरीन ने कहा कि जेम्स, एडवर्ड, मालिन और जूडी के साथ काम करने का अनुभव बेहद अच्छा रहा। ये लोग सबसे अच्छे थे। मैं कभी कॉलेज नहीं गई पर मुझे लगता है कि वह कुछ ऐसा ही एहसास होगा। आप बहुत जल्दी एक दूसरे के करीब आ जाते हैं और सब कुछ एकसाथ करने लगते हैं।'

कैरी फिशर को मरणोपरांत मिला ग्रैमी पुरस्कार

लॉस एंजेलस। मशहूर अदाकारा कैरी फिशर को 60वें ग्रैमी पुरस्कार में मरणोपरांत ''बेस्ट स्पोकन वर्ड एल्बम ग्रैमी'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कैरी को उनकी ऑडियोबुक रिकॉर्डिंग 'द प्रिंसेस डायरिस्ट' के लिए सम्मानित किया गया। इसे कैरी के निधन से पांच सप्ताह पहले दिसंबर 2016 में जारी किया गया था।

इससे पहले ग्रैमी पुरस्कार 2009 में भी उन्हें उनकी किताब 'विशफुल ड्रिंकिंग' के लिए नामित किया जा चुका है। ग्रैमी के प्रीशो में पुरस्कार की घोषणा की गई।